2 फरीदाबाद
शहर में कई समस्याओं की जड़ अतिक्रमण से कब मिल पाएगा छुटकारा?

6 अभिमत
सावधान! गरिमा को नजर अंदाज कभी न करें

9 देश-विदेश
कपिल सिब्बल ने की भारत में अन्याय से लड़ने के लिए नए मंच की घोषणा

12 कसौटी
भाजपा के लिए संजीवनी साबित हो रहे हैं राहुल गांधी

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 30
फरीदाबाद, रविवार, 05 मार्च, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



छह साल बाद बांग्लादेश की टीम घर में सीरीज हारी

पेज - 11

# एनएसएस शिविर का शुभारम्भ



रैली को हरी झंडी दिखाते प्रिंसीपल।

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ की एनएसएस की तीनों इकाइयों द्वारा 04 मार्च से 10 मार्च 2023 तक सात दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के दिशा निर्देशन एवं संरक्षण में किया जा रहा है। सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. राजकुमार (डीन, स्टूडेंट वेलफेयर और प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर एनएसएस एमडीयू, रोहतक) और अध्यक्ष डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता द्वारा दीपशिखा प्रज्जवलन के साथ किया गया । तत्पश्चात अध्यक्ष डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. राजकुमार को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों ने अध्यक्ष डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता को पौधा भेंट कर स्वागत किया। सर्वप्रथम एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस का लक्ष्य गीत गाया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता द्वारा स्वागत भाषण दिया गया और इस शिविर की सफलता के लिए उन्होंने शुभकामनाएं भी दीं। एनएसएस स्वयंसेविका लक्ष्मी द्वारा एनएसएस के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में जानकारी दी गई। उसके बाद एनएसएस सेवक गौरव द्वारा रागिनी, पवन द्वारा मिमिक्री और एनएसएस स्वयंसेविका हिमिका द्वारा कविता सुनाई गई। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस की तीनों इकाइयों के गत वर्ष के सभी कार्यक्रमों और गतिविधियों को पीपीटी द्वारा दर्शाया गया। एनएसएस इकाई–एक की स्वयंसेविकाओं द्वारा हरियाणवी नृत्य प्रदर्शन किया गया।